आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 16.11.2024

समय 7:20

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम के लिए नियमावली बनाने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित की जाएगी।
- राज्य की जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिये हर साल 'जनजातीय विज्ञान महोत्सव' आयोजित किया जाएगा।
- भारत ने कॉप–29 जलवायु शिखर सम्मेलन में कहा कि विकसित देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए 2030 तक सालाना एक दशमलव तीन ट्रिलियन डॉलर जुटाने होंगे।
- केदारनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान तेज।

सड़क दुर्घटना नियमावली

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए सड़क दुर्घटना सुरक्षा नियमावली बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री आवास में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में श्री धामी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ना चिंता का विषय है और इस पर प्रभावी रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को देहरादून से गौचर और चिन्यालीसौड़ के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके शीघ्र संचालन के लिए निविदा और अन्य सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी करने को कहा।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शराब की दुकानें और बार आदि निर्धारित समय तक ही खुलने चाहिए। उन्होंने इसकी सतत निगरानी करने को भी कहा। श्री धामी ने कहा कि रात के समय वाहन चालकों की एल्कोमीटर के साथ जांच करने के साथ ही ओवर स्पीड के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

जनजातीय विज्ञान महोत्सव

विज्ञान के क्षेत्र में राज्य की जनजातीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिये हर साल 'जनजातीय विज्ञान महोत्सव' आयोजित किया जाएगा। इसके लिए उत्तराखण्ड जनजातीय शोध संस्थान को आवश्कता अनुसार धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। देहरादून के ओ.एन.जी.सी स्टेडियम, कौलागढ़ में राज्य जनजातीय शोध संस्थान द्वारा आयोजित 'आदि गौरव महोत्सव' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह घोषणा की।

महोत्सव को संबोधित करते हुए श्री धामी ने कहा कि यह कार्यक्रम जनजातीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिलाएगा और गैर जनजातीय समुदाय को भी जनजातीय समाज की कला औरं संस्कृति की विशेषताओं से अवगत कराएगा।

मुख्यमंत्री ने आदि गौरव महोत्सव में विभिन्न राज्य से आए जनजातीय समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी संस्कृति को जाना। देशभर से हिस्सा ले रहे विभिन्न जनजातियों के कलाकारों ने लोक नृत्यों की प्रस्तुति की। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समाज द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का भी अवलोकन किया, औरं जनजातीय समाज के लोक नृत्य में भी सम्मलित हुए।

जनजातीय समुदाय विकास

उत्तराखंड में जनजातीय समुदाय के विकास के लिए सरकार की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य में चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जिसमें जनजातीय समुदाय के छात्रों को निशुल्क शिक्षा और छात्रावास की सुविधा मिलती है। जनजातीय समाज के बच्चों को प्राथामिक स्तर से स्नातकोत्तर तक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। अनुसूचित जनजाति की बेटियों की शादी के लिए 50 हजार का अनुदान भी दिया जा रहा है। जनजातीय क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए हर साल, राज्य जनजाति महोत्सव तथा खेल महोत्सव आयोजित किये जा रहे हैं। जनजातीय शोध संस्थान के लिये एक करोड़ रुपए के कार्पस फण्ड की भी व्यवस्था की गई है।

विधिक जागरूकता शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नैनीताल जिले के राजकीय इंटर कॉलेज चांफी और अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज नौकुचिया में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राधिकरण की सचिव सिविल जज जूनियर डिवीजन बीनू गुलयानी ने बच्चों को नि:शुल्क विधिक सहायता, लीगल एड क्लिनिक, स्थाई लोक अदालत, मासिक लोक अदालत, राष्ट्रीय लोक अदालत और नालसा हेल्पलाइन के संबंध में जानकारी दी।

कॉप–29

भारत ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन का प्रभाव तेजी से बढ़ती आपदाओं के रूप में देखा जा रहा है। भारत ने अजरबेजान के बाकू में कॉप–29 शिखर सम्मेलन में जारी एक बयान में यह टिप्पणी की। भारत ने यह बयान कोप–29 शिखर सम्मेलन में समान विचार वाले विकासशील देशों की ओर से जलवायु वित्त पर मंत्रीस्तरीय बैठक में दिया।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अवर सचिव नरेश पाल गंगवार ने कहा कि बहुत खराब मौसम की घटनाएं लगातार हो रही हैं और इनका असर विकासशील देशों पर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने की मंशाओं पर जोर देना आवश्यक है। भारत ने दोहराया कि विकसित देशों को वर्ष 2030 तक कम से कम एक हजार तीन सौ अरब डॉलर उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता पूरी करने की आवश्यकता है, जिससे विकासशील देशों की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सके।

नवनिर्मित पार्किंग

उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बड़कोट में नवनिर्मित पार्किंग को बिना देरी के नगर पंचायत को हस्तगत कराए जाने और नौगांव में निर्माणाधीन सरफेस व मल्टीलेवल पार्किंग का कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने यमुनाघाटी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान बड़कोट में नवनिर्मित पार्किंग का निरीक्षण करने के साथ ही नगर पंचायत नौगांव और मुंगरा में निर्माणाधीन पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण किया।

बड़कोट में लगभग पांच करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यमुनोत्री राजमार्ग से सटे इस पार्किंग स्थल की क्षमता 64 वाहनों की है।

जिलाधिकारी ने नौगांव में नगर पंचायत के वार्ड संख्या दो पुरोला रोड़ पर 116 वाहनों की क्षमता वाली नौ करोड़ तिरासी लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन बहुमंजिला पार्किंग का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यदायी संस्था को मई 2025 तक निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने नौगांव में मुख्य बाजार के निकट निर्माणाधीन सरफेस पार्किंग का काम भी फरवरी 2025 तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

उपचुनाव

रूद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर उप चुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दलों का प्रचार–प्रसार चरम पर है। चुनाव प्रचार करते हुए भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार आशा नौटियाल ने जनता से सरकार के विकास कार्यों के पक्ष में मतदान की अपील की।

भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी और गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने जनसंपर्क अभियान में विधानसभा के मतदाताओं को केदारनाथ धामी में हो रहे विकास कार्यों को देखते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को कहा। इस बीच अगस्त्यमुनि में नुक्कड़ सभा करते हुए कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत ने कहा कि भाजपा ने जनता से केवल झूठे वादे किए हैं और इस बार के उपचुनाव में जनता भाजपा को इसका जवाब देगी।

राष्ट्रीय प्रेस दिवस

आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर मीडिया से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रेस की स्वतंत्रता को रेखांकित करते हुए श्री धमी ने कहा कि प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। जनकल्याण में प्रेस प्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि नए भारत के निर्माण में भी मीडिया अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। वर्तमान दौर की विभिन्न चुनौतियों के दृष्टिगत प्रेस की भूमिका और अधिक प्रासंगिक और महत्वपूर्ण हो जाती है।

जल जीवन मिशन

कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने हल्द्वानी में जल जीवन मिशन की बैठक में कुमाऊं मण्डल के सभी छह जिलों के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कुमाऊं में कुल 3 हजार 4 सौ 11 पेयजल योजनाएं हैं, जिनमें से 2 हजार 4 सौ 44 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 967 योजनाओं पर कार्य जारी है। आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को इन योजनाओं की नियमित निगरानी करने और लापरवाही करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही लंबित योजनाओं को अगले वित्तीय वर्ष तक पूरा करने के लिए संशोधित कार्ययोजना भी प्रस्तुत करने को कहा। आयुक्त ने कहा कि जिन योजनाओं का काम पूरा हो चुका है उनका थर्ड पार्टी वेरिफिकेशन भी किया जाए।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्ख़ियों पर–

महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी की विशेष नवजात देखभाल इकाई में आग लगने से 10 नवजातों की मृत्यु की ख़बर को सभी समाचार पत्रों ने प्राथमिकता दी है। अमर उजाला ने लिखा है – झाँसी के मेडिकल कॉलेज में भीषण आग, 10 शिशुओं की दर्दनाक मौत। दैनिक जागरण की ख़बर है– आग लगने से 10 नवजात की मौत; झाँसी मेडिकल कॉलेज की विशेष नवजात देखभाल इकाई में 50 से अधिक नवजात थे भर्ती।

लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त रुख अपनाया है। इसी ख़बर को लेकर अमर उजाला ने शीर्षक दिया है– बढ़ते सड़क हादसों पर सीएम सख्त; सुरक्षा नियमावली बनाने के निर्देश। जल्द गठित होगी विशेषज्ञों की समिति, सरकार को सौंपेगी नियमावली का ड्राफ्ट। दैनिक जागरण की ख़बर है– नियमावली को विशेषज्ञों की बनाएं समिति। वहीं, हिंदुस्तान ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– ओवरस्पीड पर सख्ती से हो कार्रवाई; मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने और वाहन चालकों की एल्कोमीटर से जाँच करने के निर्देश दिए।

हिंदुस्तान समाचार पत्र ने बिहार के जमुई में जनजातीय गौरव दिवस के समारोह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र के इन शब्दों को लिखा है– जिसे कोई नहीं पूछता, उसे मोदी पूछता है। कहा– जनजातियों की पढाई, कमाई और दवाई का प्रबंध कर रही सरकार। दैनिक जागरण प्रधानमंत्री के हवाले से लिखता है– देश की आज़ादी की लड़ाई आदिवासियों ने लड़ी।